।। जय माता दी ।। ।। जय माता दी ।। ।। जय माता दी ।।

समोगण माता की आरती

ॐ जय समोगण माता, मैया जय समोगण माता ।
ज्यो कोई तुमको ध्याता, इच्छा फल पाता ।। ॐ जय...
लाल चुनरिया सिर पै, टीका मन भाता ।
बटवाड़ा कुलदेवी, विश्व की विख्याता ।। ॐ जय...
मूर्ती माँ की सुन्दर, सब का मन मोहे ।
पुष्पहार की माला, चन्दन तिलक सोहे ।। ॐ जय...
कुलदेवी माता के, हलवा बिरिया भोग लगे ।
श्रद्धा माचाडी प्रेम की, आरती करन लगे ।। ॐ जय...
रक्षा करती पर्चा देती, दुर्गा अवतारी ।
जगदम्बा जग जननी, पूजे नर नारी ।। ॐ जय...
तुम कल्याणी माता, सारे पाप हरे ।
समोगण रूप सारदे, गुण भण्डार भरे ।। ॐ जय...
पुत्र बुद्धि बल देती, ज्यो नित जाप करे ।
फल दायक माँ सायक, सारे कष्ट हरे ।। ॐ जय...
तन मन धन सब, चरणों मै है तेरे ।
ढोल नंगारे बाजे, जय जयकार करें ।। ॐ जय...
जय समोगण माता, मैया जय समोगण माता ।
ज्यो कोई तुम को ध्याता, इच्छा फल पाता ।। ॐ जय...